आनंदालय

सामयिक परीक्षा-3

कक्षा : ग्यारहवीं

विद्या सवर्धि साधिका

विषय : हिंदी (आधार) | अधिकतम अंक : 40

दिनांक : 09-01-2023 | निर्धारित समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1.यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - '**अ**' और '**ब**',

2.खंड 'अ' में कुल 3 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं | सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

3.खंड 'ब' में कुल 6 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

4.बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है ।

6.प्रश्न पत्र में 4 पृष्ठ हैं |

## **खंड- 'अ'** (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. नीचे दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1x5=5)

मित्रता को निभाना भी मुश्किल कार्य है। इसे ईर्ष्या, द्वेष, अपमान, तिरस्कार, उपहास मानसिक व हार्दिक संकीर्णता तथा संदेह से बचाना जरूरी है। दोस्ती की सौंधी-सी सुगंध से जीवन सराबोर रखना है, तो कुछ बातों को ध्यान में रखना होगा। मित्र ऐसा हो जो सही मार्गदर्शन कर सके, आपके लिए सही अर्थों में हमदर्द बन सके जो आपको नेक सलाह दें और आपके दुख-दर्द में सम्मिलित हो सके। जो आपको निराशा और हताशा का शिकार ना बनने दें, बल्कि आशावाद और ऊर्जावान बनाने में सहायता करें। सच्चाई, ईमानदारी परस्पर साझेदारी प्रेम, विश्वास, निस्वार्थ भावना एक दूसरे के लिए हर पल सर्वस्व त्याग की भावना मित्रता को सफलता के उच्चतम पायदान पर पहुँचा देते हैं। अतः इनको ध्यान में रखें कि मित्रता में धन को कभी न आने दें, ऐसा वक्त आने पर सभी संबंधों को तोड़ने में अहम भूमिका अदा करता है।

दोस्ती में कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए, दोस्ती जहाँ तक संभव हो अपनी बराबरी वालों से ही करनी चाहिए अन्यथा कभी-कभी बातों में किसी प्रकार का अहम मित्रता को तार-तार कर सकता है। सच्ची मित्रता में एहसान और मेहरबानी का कोई स्थान नहीं होता, सिर्फ मित्रता होती है। ऐसी-वैसी कोई बात घटित हो

जाए तो उसका ज़िक्र तीसरे के सामने नहीं करें संदेह व अविश्वास को कभी पनपने ही न दें।

मित्रता कितनी भी अटूट वह घनिष्ठ क्यों न हो, कभी भी मित्र को किसी गलत कार्य के लिए प्रेरित या उत्साहित न करें। यदि किसी परिस्थितिवश या अन्य कारण विशेष से वह कोई अनैतिक या गलत राह पर जा रहा हो तो तत्काल मार्ग प्रशस्त करें व नेक सलाह व उचित मार्गदर्शन दें।

(i) मुश्किल कार्य क्या है ?

(क) मित्रता को निभाना (ख) मित्रता करना
(ग) उपरोक्त दोनों (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ii) मित्रता को किससे बचाना आवश्यक है ?

(क) ईर्ष्या द्वेष से (ख) अपमान तिरस्कार
(ग) उपहास मानसिक संकीर्णता (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iii) मित्र कैसा होना चाहिए ?

(क) जो सही मार्गदर्शन कर सके (ख) हमदर्द हो नेक सलाह दे
(ग) हताश व विनाश से बचाए (घ) उपरोक्त सभी

(iv) मित्रता के मध्य किसे नहीं आने देना चाहिए ?

(क) धन को (ख) विश्वास को
(ग) त्याग की भावना (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(v) सच्चा मित्र कौन है ?

(क) जो सही गलत हर कार्य में साथ दे
(ख) जो अपने मित्र को सही कार्य की प्रेरणा दे
(ग) जो मित्र की कमियाँ बताए
(घ) 'ख' और 'ग' दोनों

2. नीचे दिए प्रश्नों को पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए - (2x1=2)

(i) समाचार-पत्र, रेडियो, टेलीविजन और इंटरनेट आदि प्राप्त हुए हैं -

(क) उत्तर से (ख) पश्चिम से
(ग) दक्षिण से (घ) पूर्व से

(ii) सरकार और संस्थाओं के कामकाज पर निगरानी रखने का कार्य करता है -

(क) जनसंचार (ख) लोक संचार
(ग) समूह संचार (घ) अन्तः वैयक्तिक संचार

3. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1x8=8)

(i) पेड़ किस विभाग से सबंधित है ?

(क) पुलिस (ख) गृहमंत्रालय से

(ग) एग्रीकल्चर से (घ) जिलाधिकारी कार्यालय से

(ii) चपरासी रजनी को अन्दर क्यों नहीं जाने देता है ?

(क) पहले से समय न लेने के कारण (ख) रुपये नहीं देने के कारण

(ग) डायरेक्टर के आदेश दे कारण (घ) इनमें से कोई

(iii) अक्क महादेवी ने किसका विरोध किया था ?

(क) राजा का (ख) सामजिक समता का

(ग) शास्त्रीय मान्यताओं का (घ) पुरुष वर्चस्व का

(iv) अक्क महादेवी किस आन्दोलन से जुडी थी ?

(क) वैष्णव आन्दोलन (ख) शाक्त्त आन्दोलन

(ग) शैव आन्दोलन (घ) भक्त आन्दोलन

(v) चंपा को किस पर आश्चर्य होता है ?

(क) कवि को देखकर (ख) काले-काले अक्षरों को देखकर

(ग) विद्यालय जाकर (घ) अपनी शादी की बात पर

(vi) 'हारे गढ़े काम सरेगा' में हारे गाढ़े क्या है ?

(क) हर समय (ख) परदेश जाने पर

(ग) मिलने पर (घ) कठिनाई

(vii) बेबी हालदार ज्यादातर अपना लेखन करती थी -

(क) दिन में करती (ख) दोपहर में

(ग) रात में करती (घ) शाम के समय में

(viii) लेखिका अपने नए माकन मालिक को क्या कह कर के संबोधन करती थी ?

(क) पिताजी (ख) तातुष

(ग) मालिक (घ) पापा

## <u>**खंड- 'ब'** (वर्णनात्मक प्रश्न)</u>

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2x3=6)

(i) ट्यूशन रैकेट को रोकने के लिए रजनी क्या करती है *?*

(ii) लेखक चंपा को पढ़ने के लिए किस प्रकार प्रेरित करता है *?*

(iii) अपनी प्रकाशित रचना देखने से बेबी पर क्या प्रतिक्रिया हुई *?*

5. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए -

(i) निजी चैनलों पर सरकारी नियंत्रण होना चाहिए अथवा नहीं ? पक्ष-विपक्ष में तर्क प्रस्तुत कीजिए | (2x1=2)

(ii) संचार के साधन कौन-कौन से हैं ? (1x1=1)

6. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ब्राँच : गंज, आनंद, गुजरात में केशियर पद के लिए 80-100 शब्दों में आवेदन पत्र लिखिए। (5x1=5)

7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर डायरी लेखन कीजिए - (1x2=2)

(क) आज आपने पहली बार नाटक में भाग लिया।
(ख) प्रिय मित्र से झगड़ा हो गया।
(ग) परीक्षा में आपको सर्वोत्तम अंक मिले हैं।
(घ) सड़क पर रोता हुआ 10 वर्षीय बच्चा मिला।

8. पटकथा किसे कहते हैं ? किसी विषय पर एक पटकथा तैयार कीजिए | (शब्द 80 शब्द में) (4x1=4)

9. विद्यालय में लिपिक का पद रिक्त है। उसके लिए शिक्षा अधिकारी को स्ववृत्त के साथ आवेदन पत्र लिखिए। (शब्द 80-100 शब्दों में) (5x1=5)